सस्ता घर पाने का सुनहरा मौका

करनाल। अफोर्डेबल आवास योजनाओं ने भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में एक नयी क्रांति का संचार किया है। सरकार की ये परियोजनाएं समाज के मध्यम एवं कम आमदनी वाले परिवारों को सस्ता घर उपलब्ध कराने की मुहिम हैं। हरियाणा सरकार की ऐसी ही एक स्कीम है दीन दयाल जन आवास योजना जिसे आगे बढ़ाते हुए रियल एस्टेट सेक्टर की जानी मानी

व्यावसायिक गतिविधि

कंपनी अल्फाकॉर्प ने अल्फा इंटरनेशनल सिटी करनाल में अतुल्यम नाम के परियोजना की शुरुआत की है। अतुल्यम स्कीम के अंदर अल्फाकॉर्प खरीददारों को प्लॉट आवंटित करेगी। अल्फाकॉर्प के सीईओ आशीष सरीन ने कहा, ''2019 में विभिन्न उपभोक्ता वर्ग के लिए और भी कई नए परियोजनाओं की शुरुआत होगी। अल्फा अतुल्यम के द्वारा हम दीन दयाल जन आवास योजना के अंतर्गत सेक्टर 28-28ए में 14.5 एकड़ प्लॉट आवंटित करेंगे जो 100-146 वर्ग गज के होंगे। दीन दयाल जन आवास योजना के अंदर होने के कारण इस योजना का फायदा कम आय वाले एवं माध्यम वर्गीय परिवारों को मिलेगा।